


चैत्र नवरात्र और गुड़ी पड़वा की हार्दिक शुभकामनाएं



दैनिक डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 8 अंक : 251 | इंदौर, बुधवार 22 मार्च, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## Headline

- **Delhi: पीएम मोदी के खिलाफ लगाए आपत्तिजनक पोस्टर, 100 एफआईआर दर्ज; दिल्ली पुलिस ने छह लोगों को किया गिरफ्तार**
- **Earthquake: अफगानिस्तान में भूकंप के झटके, पाकिस्तान में 13 की मौत, 150 से ज्यादा घायल; चीन में भी कांपी धरती**
- **Partygate Scandal: ब्रिटेन के पूर्व पीएम ने संसद को गुमराह करने का आरोप स्वीकार किया, बोले-नीयत गलत नहीं थी**
- **महाठग का 'महादान': सुकेश चंद्रशेखर ने जेल के डीजी को लिखी चिट्ठी, गरीब कैदियों के लिए पांच करोड़ देने की पेशकश**

# सीएम हेल्पलाइन की ग्रेडिंग में भोपाल, इंदौर पिछड़े

## जबलपुर ने मारी बाजी, रहा पहले पायदान पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। सीएम हेल्पलाइन 181 में आई शिकायतों का निराकरण कर जबलपुर नगर निगम प्रदेश के 16 नगरीय निकायों की ग्रेडिंग में सिरमौर रहा। भोपाल, इंदौर को पीछे छोड़ जबलपुर ने प्रथम रैंक हासिल की, जबकि दूसरे स्थान पर संभाग का छिंदवाड़ा जिला रहा। शासन स्तर पर जारी फरवरी 2023 की जारी ग्रेडिंग में अधिकांश शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कर जबलपुर नगर निगम ने वेटेज स्कोर के आधार पर 96.76 प्रतिशत अंक हासिल किए।




सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी नगर निगम में दो हजार 160 शिकायतें पहुंचीं। इनमें 57.50 प्रतिशत शिकायतों का निराकरण कराया गया है। ग्रेडिंग लिस्ट में प्रदेश में ए ग्रेड प्राप्त कर न कीर्तिमान स्थापित किया। जबकि भोपाल चौथे, ग्वालियर आठवें और इंदौर 15वें नंबर पर रहा। अपर आयुक्त आरपी मिश्रा, सीएम हेल्प लाइन की प्रभारी तथा सहायक आयुक्त अंकिता जैन ने बताया कि शासन स्तर पर प्रतिमाह नगर निगम के कार्यो की ग्रेडिंग जारी की जाती है। जिसके अंतर्गत माह फरवरी 2023 की ग्रेडिंग जारी हुई है। जनवरी से अभी तक यह पहला मौका है, जब नगर निगम को वेटेज स्कोर के आधार पर 96.76 अंक प्राप्त हुए हैं, यह निगम के लिए बड़ी उपलब्धि है।

### अतिक्रमण, सफाई की सर्वाधिक शिकायतें

सीएम हेल्पलाइन में सर्वाधिक शिकायतें अतिक्रमण करने, गंदे पानी की निकासी न होने और सफाई व्यवस्था से जुड़ी रही। इसके अलावा योजनाओं का लाभ न मिलने की शिकायतें भी रहीं। निगमायुक्त के निर्देश पर सभी शिकायतों का समय सीमा में निराकरण कराया गया।

### ● किसे कितने अंक मिले

| निकाय | शिकायतें | वेटज स्कोर |
|---|---|---|
| जबलपुर | 2160 | 96.76 |
| भोपाल | 4210 | 96.56 |
| ग्वालियर | 3815 | 87.98 |
| इंदौर | 3715 | 85.1 |

**कल से फिर वेदर डिस्टर्बेंस**

# 23 से 25 मार्च को ग्वालियर-चंबल में बारिश, भोपाल-इंदौर में भी बदलेगा मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में 23 से 25 मार्च के बीच फिर से वेदर डिस्टर्बेंस होगा और कई शहरों में बारिश होगी। इस सिस्टम का असर ग्वालियर-चंबल संभाग में ज्यादा दिखाई देगा, जबकि भोपाल और इंदौर में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 16 मार्च से एक्टिव सिस्टम 20-21 मार्च को खत्म हो गया। इससे अधिकांश शहरों में मौसम में सुधार हो गया, लेकिन 23 से 24 मार्च के बीच बारिश का एक दौर फिर आ रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर ग्वालियर-चंबल में रहेगा।

रीवा जिले के कई इलाकों में दोपहर से मंगलवार की शाम तक रूक-रूककर बारिश होती रही। शाम को शहर में एक घंटे तक लगातार बारिश हुई। ग्रामीण



### इन जिलों में बारिश होने के आसार

मौसम विभाग की माने तो 23 से 25 मार्च के बीच भोपाल, विदिशा, सीहोर, बैतूल, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सिंगरौली, रीवा, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में मौसम बदला रहेगा। तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने के भी आसार है।

इलाकोंस में आंधी व पानी के साथ बेर के आकार के? ओले गिरे है। ओले गिरने से नेशनल हाईवे-39 पर कश्मीर जैसा नजारा दिखा। ओलावृष्टि के कारण खेतों में खड़ी फसलों का काफी नुकसान हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों ने 22, 25 और 26 मार्च को बारिश की संभावना जताई है।

# आज से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत

## कई मंदिरों-घरों में घट स्थापना, गुड़ी पड़वा पर घरों में बांधी गुड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। आज चैत्र नवरात्रि का पहला दिन है। घरों और मंदिरों में घट स्थापना कर नौ दिन तक मां दुर्गा की विशेष पूजा शुरू हुई। ज्योतिषाचार्य के अनुसार नवरात्रि में खरीदारी के लिए हर दिन शुभ रहेगा। इस दौरान सर्वार्थसिद्धि, अमृतसिद्धि, द्विपुष्कर और रवियोग बनेंगे। जिनमें खरीदी गई कोई भी वस्तु जीवनभर शुभ फलदायी रहती है।**

वहीं गुड़ी पड़वा पर भी इंदौर में कई घरों में गुड़ी बांधी जाएगी। मराठी परिवारों में श्री खंड के साथ कई व्यंजन भी बनेंगे। चाणक्य पुरी चौराहे पर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हिन्दू नववर्ष मनेगा। गुड़-धनिया बांटकर लोगों को शुभकामनाएं भी देंगे।

पं. मनीष शर्मा के मुताबिक इस बार चैत्र नवरात्र पूरे नौ दिन रहेंगे। शुक्ल और ब्रह्म योग में प्रारंभ हो रहे नवरात्र में देवी की पूजा विशेष फलदायी रहेगी। इस वर्ष देवी का आगमन नौका पर होगा। यह सभी के लिए सुखद और सर्वसिद्धिप्रद रहेगा। 22 मार्च को शुक्ल योग प्रातः 9.15 तक रहेगा इसके बाद ब्रह्म योग प्रारंभ हो जाएगा। इन दोनों योग की साक्षी में घट स्थापना और देवी पूजा उत्तम फलदायी होगी। इस बार नवरात्र के नौ दिनों में विशेष योग भी बन रहे हैं। तीन दिन सर्वार्थसिद्धि योग और तीन दिन रवियोग बनेंगे। इनमें पूजन करने से विशेष सुखों की प्राप्ति होगी। देवी की विशेष कृपा होगी।



### गुड़ी पड़वा का पर्व धूमधाम से मनाया

इधर, हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति संयोजक मलय बलराम वर्मा ने बताया कि इस बार भी गुड़ी पड़वा का पर्व बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया जाएगा। चाणक्य पूरी चौराहे पर होने वाले इस कार्यक्रम में सभी समितियों के सदस्यों के साथ-साथ महाराष्ट्रीयन परिवार भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। वहीं इस कार्यक्रम में महिलाएं भी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हिन्दु नववर्ष गुड़ी पड़वा का पर्व मनाएंगी। उगते सूर्य को अर्घ्य देने के पश्चात सभी सदस्यों द्वारा चाणक्यपुरी चौराहे पर आने-जाने वाले सभी राहगिरों को गुड़ और धनिया का भी वितरण कर हिंदू नववर्ष की बधाई दी जाएगी।

### नए संवत का नाम नल, बुध होंगे राजा

इस नवसंवत् का नाम नल है। नए वर्ष के राजा बुध हैं और मंत्री शुक्र हैं। बुध और शुक्र की वजह से नववर्ष सभी के लिए शुभ रहेगा। व्यापारियों को इस साल बड़े लाभ मिल सकते हैं, व्यापार का विस्तार हो सकता है। बुधवार से चैत्र नवरात्रि शुरू होगी, इसे रामरात्र भी कहा जाता है। बुध के राजा होने से इस साल सुख-समृद्धि बढ़ेगी। इसके साथ ही शुक्र के मंत्री होने से वैभव और संपत्तियों में बढ़ोतरी होगी।

### चैत्र नवरात्रि में ऐसी रहेगी ग्रहों की स्थिति

ज्योतिषाचार्य के अनुसार इस नवरात्रि की शुरुआत में गुरु अपनी राशि मीन में सूर्य के साथ रहेगा। शनि अपनी राशि कुंभ में है। शुक्र और राहु की युति मेष राशि में रहेगी। शनि की तीसरी पूर्ण दृष्टि शुक्र-राहु पर रहेगी। इस वजह से चैत्र नवरात्रि में तंत्र से जुड़े काम जल्दी सफल हो सकते हैं।

# मप्र बोर्ड परीक्षा पेपर लीक मामले में जांच समिति की रिपोर्ट

## परीक्षा और इंटरनेट मीडिया का प्रश्न पत्र अलग-अलग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। परीक्षा माध्यमिक शिक्षा मंडल ने एक मार्च से दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा करवा रहा है। इस बीच कई बार वाट्सअाप और टेलीग्राम पर पेपर लीक होने की घटनाएं सामने आई है। जहां 200-300 रुपये में विद्यार्थियों को पेपर उपलब्ध करवाने का दावा किया। पेपर आउट होने से परीक्षा की गोपनीयता पर सवाल खड़े हुए। मामले में मंडल ने परीक्षा में पूछे गए प्रश्न पत्र और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित प्रश्न पत्र का मिलान किया तो दोनों में भिन्नता पाई गई। इसे लेकर समिति ने जांच रिपोर्ट सौंप दी है। हालांकि मंडल ने पूरे प्रकरण पर अपनी सफाई भी दी।**

बोर्ड परीक्षा को लेकर मंडल ने प्रत्येक विषय के चार प्रश्न पत्र तैयार कर रखे है। इस बीच वाट्सअाप और टेलीग्राम पर परीक्षा से ठीक कुछ घंटे पहले पेपर आउट हो जाते थे। दावा किया जाता था कि यही प्रश्न पेपर में पूछे जाएंगे। इसके लिए इंटरनेट मीडिया पर विशेष ग्रुप बनाकर विद्यार्थियों से अवैध वसूली होने लगी। सोशल मीडिया के माध्यम से मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं के प्रश्न-पत्रों के संबंध में भ्रामक समाचार कतिपय समाचार पत्रों में प्रकाशित हुये है। बीस दिन में पांच से छह बार पेपर लीक होना सामने आया। अखबारों में खबरें प्रकाशित की गई।

इस बीच मंडल के जिम्मेदार अधिकारी परीक्षा केन्द्रों पर छात्र-छात्राओं के प्रवेश होने के बाद ही प्रश्न-पत्रों के सीलबंद पैकेट खोले जाते है। मंडल का दावा है कि इंटरनेट मीडिया पर कुछ लोग भ्रामक जानकारियां फैला रहे है। मंडल ने संबंधितों के विरूद्ध निलंबन एवं कानूनी कार्यवाही दर्ज की जाकर 33 व्यक्तियों की गिरफ्तारी संबंधी कार्यवाही की गई है। मंडल के जनसंपर्क अधिकारी का कहना है कि परीक्षा और इंटरनेट मीडिया के प्रश्न पत्रों का मिलान किया। उनमें काफी अंतर है। दोनों में अलग-अलग प्रश्न पूछे गए है।

# पांचवीं-आठवीं के विद्यार्थियों के परीक्षा माध्यम में सुधार, रोल नंबर भी किए जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पांचवीं-आठवीं कक्षा में पढने वाले विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र में भारी गड़बड़ी सामने आई थी। विद्यार्थियों की इन समस्या को लेकर नईदुनिया ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। उसके बाद राज्य शिक्षा केंद्र हरकत में आया और इन छात्र-छात्राओं की समस्या का समाधान करने के लिए दोबारा लिंक खोली। मंगलवार को दिनभर जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में स्कूल संचालकों की कतार लगी रही, जो विद्यार्थियों के आवेदन में संशोधन करवाने पहुंचे थे। अधिकांश छात्र-छात्राओं के माध्यम को बदल दिया गया, जिसमें अंग्रेजी माध्यम वालों को हिंदी का बताया था। साथ ही प्रवेश पत्र में रोल नंबर भी आवंटित किए गए।**

उधर अधिकारियों के मुताबिक, 90 प्रतिशत विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण किया गया है। बावजूद इसके लिंक एक दिन ओर खुली रखी है। ताकि परीक्षा से पहले सारे विद्यार्थियों के फार्म की गलतियों को सुधारा जा सके।

25 मार्च से पांचवीं-आठवीं की बोर्ड परीक्षा होने वाली है। संचालन राज्य शिक्षा केंद्र करेगा। प्रदेशभर में 24 लाख छात्र-छात्राएं बैठेंगे, जिसमें इंदौर जिले में 90 हजार विद्यार्थी हैं। 20 प्रतिशत विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र में विभिन्न प्रकार की गड़बड़ी मिली थी। इसे उनके परीक्षा में बैठने को लेकर संकट खड़ा हो गया।

### शाम तक किया जाता रहा सुधार

गड़बड़ियां सुधारने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने जिला परियोजना समन्वयक को जिम्मेदारी सौंपी थी। मंगलवार को राजेंद्र नगर स्थित जिला परियोजना समन्वयक कार्यालय में शाम पांच बजे तक आवेदनों में संशोधन किया गया। अधिकांश निजी स्कूलों में पढ़ते वाले इक्का-दुक्का विद्यार्थियों के आवेदन में गलतियां थीं, जिसमें रोल नंबर आवंटित, माध्यम बदलने और समग्र आइडी जोड़ना शामिल था। वहीं कुछ स्कूलों ने अपने विद्यार्थियों का नाम परीक्षार्थियों की सूची में जुड़वाया।

### समस्या का निराकरण किया

एक ही स्कूल के विद्यार्थियों को अलग-अलग केंद्र आवंटित होने की समस्या भी सामने आई है। इन्हें भी तुरंत सुधारा गया। जिला परियोजना समन्वयक अक्षय सिंह राठौर ने कहा कि परीक्षा आवेदन व प्रवेश पत्र में संशोधन कार्य किया गया। दिनभर में करीब 100 से 125 स्कूलों ने संपर्क किया। इनके विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण कर दिया।

# बकाया टैक्स न देने पर नगर निगम 67 दुकानों पर लगाए ताले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बकाया टैक्स वसूली को लेकर नगर निगम के राजस्व विभाग मुहिम चला रहा है। इसके तहत 67 दुकानों पर ताले लगाए गए। कड़ावघाट स्थित रंगरेज पंचायत की 40 और पलासिया चौराहा पर 27 दुकानों पर ताले लगाकर सील कर दिया गया है। इसके साथ ही खाली प्लॉट की जब्ती-कुर्की कर निगम ने अपना बोर्ड लगा दिया है।**

31 मार्च 2023 तक ज्यादा से ज्यादा बकाया संपत्तिकर, जलकर और डोर-टू-डोर कचरा शुल्क जमा हो इसके लिए निगमायुक्त प्रतिभा पाल ने निगम के 19 जोन पर तैनात सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ), बिल कलेक्टर और सहायक वसूली अधिकारी को टारगेट दिया है। इसे पूरा करने में राजस्व अमला लगा है। इसके चलते जोन-12 हरसिद्धि के प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी विनोद पांडे और बिल कलेक्टर कुलवर्धन सिंह देवड़ा ने आज सुबह 7 बजे कड़ाव घाट स्थित रंगरेज पंचायत की 40 दुकानों पर ताले लगाकर सील कर दिया, क्योंकि इन दुकानों पर 18 लाख रुपए संपत्तिकर बकाया है।

कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति बनने पर निपटने के लिए राजस्व अमला अपने साथ रिमूवल विभाग की टीम को भी लेकर गया था। इसी तरह जोन-11 के पलासिया चौराहा स्थित संपत्तिकर धारक हुसैन शाह रहमान शाह पर संपत्तिकर की 5 लाख 84 हजार 307 रुपए राशि बकाया होने पर 27 दुकानों पर ताले लगाकर जब्ती-कुर्की की गई। वार्ड 60 में फरजान अली अमीर अली निवासी 5/2 दौलतगंज पर सम्पत्तिकर के 5 लाख 99 हजार 943 रुपए व कचरा प्रबंधन शुल्क के 6 हजार 883 रुपए बकाया होने पर दुकानों को सील किया गया।

### इनके यहां भी हुई कार्रवाई

जोन-8 विजय नगर के वार्ड 35 में बकाया टैक्स वसूली को लेकर मुहिम चलाई गई। इस दौरान एक संपत्ति धारक पर 1 लाख 60 हजार 414 रुपए बकाया होने पर जब्ती-कुर्की की गई। जोन-13 के वार्ड 77 में संतोष देवकॉन डायरेक्टर मुकेश माटा पर 2 करोड़ 48 लाख 33 हजार 150 रुपए बकाया होने से ताला बंदी की गई। जोन-19 के वार्ड 50 में ग्लोबल इंटरप्राइजेज सृष्टि एनर्जी सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड 15/2 पीपल्याहाना को पूर्व में संपत्ति कर जमा करने और दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया, लेकिन आज तक न तो संपत्ति कर जमा हुआ और न ही दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। इसलिए संपत्ति पर तालाबंदी की कार्रवाई करते हुए जब्ती-कुर्की की गई।

# आइआइएम इंदौर के 122 विद्यार्थियों को कंपनियों ने सोशल इंटर्नशिप के लिए चुना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) इंदौर ने मंगलवार को सोशल इंटर्नशिप 2022-23 की शुरुआत की। इसके तहत विद्यार्थी छह से आठ सप्ताह तक प्रतिभागी सामाजिक मुद्दों पर विभिन्न सरकारी संगठनों, गैर सरकारी संगठनों, कंपनियों, सीएसआर विंग और अनुसंधान संस्थानों के साथ काम करेंगे। इंटर्नशिप आइआइएम के उन इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (आइपीएम) कोर्स के 122 प्रतिभागी के लिए हो रही है जिन्होंने कैंपस प्लेसमेंट का विकल्प चुना था। इसकी शुरुआत अप्रैल में होगी।

इसमें विद्यार्थी सामाजिक रूप से जागरूक होंगे और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए कौशल प्राप्त करेंगे। सोशल इंटर्नशिप की शुरुआत के मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो. हिमांशु राय, प्रो. श्रुति तिवारी और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। प्रो. राय ने देश में व्याप्त पांच समस्याओं को साझा करते हुए कहा कि आय और लैंगिक असमानता, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में मुद्दे, पर्यावरण संरक्षण प्रथाओं की कमी और युवाओं में उद्यमशीलता की भावना का अभाव शामिल है। इन मुद्दों के समाधान के लिए संस्थान कई कदम उठा रहा है।

### 72 फीसद कंपनियां सीएसआर क्षेत्रों की

प्रो. श्रुति तिवारी ने कहा कि युवा अपनी क्षमताओं का विकास कर 'कंफर्ट जोन से बाहर आने की कोशिश करें और अपने जीवन का उद्देश्य पहचानें। इंटर्नशिप आपको जीवन में अपने उद्देश्य की पहचान करने में मदद करने वाली है। इससे पता चलेगा कि आप किस चीज के लिए जुनूनी और संवेदनशील हैं। कंपनियों द्वारा पेशकश की गई अधिकांश भूमिकाएं अनुसंधान, डाटा विश्लेषण, कार्पोरेट संचार, विपणन और क्षेत्र अनुसंधान में हैं। हालांकि, इस वर्ष वित्त और निवेश और प्रभाव मापन के क्षेत्र में दी जाने वाली भूमिकाओं में भी वृद्धि देखी गई।

# देश विभाजन के बाद से ही भारत हिंदू राष्ट्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देश की स्वतंत्रता के बाद से ही भारत हिंदू राष्ट्र है। जब भारत का विभाजन हुआ था तो इसी मुद्दे (धार्मिक आधार) पर हुआ था कि बंटवारे के बाद पाकिस्तान बना और बचा हुआ देश हिंदू राष्ट्र है। इस तरह भारत तो है ही हिंदू राष्ट्र। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को पितृ पर्वत पर पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने दावा किया कि भोपाल में रहने वाले एक मुस्लिम मित्र हर दिन हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं और शिव मंदिर भी जाते हैं। देश में ऐसे मुस्लिम हैं जिन्हें लगता है उनके पूर्वजों ने कभी हनुमान चालीसा का पाठ किया था।




सावधान! आप भी तो नहीं बन रहे

# फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स का शिकार

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों

## ऐसे चलता है ठगी का धंधा

मध्य प्रदेश साइबर पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ठग गिरोह का पर्दाफाश किया है, जो कुंवारे युवकों को शादी का झांसा देकर लाखों रुपये ऐंठ लेता था. फर्जी मैट्रिमोनियल वेबसाइट्स बनाकर कुंवारे युवकों को जाल में फंसाना और फिर लड़की का फोन नंबर उपलब्ध करवाना ये इस गिरोह का पहला कदम होता था. गिरोह में शामिल युवतियां इन कुंवारे लड़कों से पहले बातचीत करती और फिर



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in



# 7 पहाड़ियों के बीच विराजमान हैं मां शीतला

● यहां डकैत, पुलिस झुकाते हैं सिर, पहाड़ी पर मन्नत मांग कर बनाते हैं पत्थर के मकान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर से 20 किलोमीटर दूर घने जंगल में सातऊ गांव की सात पहाड़ियों के बीच विराजमान मां शीतला की कहानी बड़ी ही अद्भुत है। लोग बताते हैं घना जंगल होने के कारण यहां मंदिर के आसपास शेर अक्सर मिल जाया करते थे, लेकिन कभी भक्तों पर हमला नहीं किया। असल में 1669 विक्रम संवत (सन् 1726 ई) में मां शीतला भिंड के गोहद खरौआ गांव के जंगल से भक्त और इस मंदिर की पूजा अर्चना करने वाले पहले महंत गजाधर बाबा के साथ कन्या रूप में ग्वालियर के सातऊ के जंगल में आ बसी थीं। जहां आकर माता विलुप्त हुईं वहां उनका आज विशाल मंदिर है। कभी यहां पत्थर के सात टुकड़े हुआ करते थे।

कहते हैं जंगल में होने के कारण इन्हें डकैतों की देवी भी कहा जाता है। यहां डकैत घंटा चढ़ाने आते थे। मां शीतला के दरबार में डकैत और पुलिस सभी सिर झुकाते थे। यहां हर मनोकामना पूरी होती है, लेकिन सबसे अजीब परम्परा यहां झूला झुलाने से सूनी गोद भरना और पहाड़ी पर पत्थरों से प्रतीकात्मक मकान बनाने से अपने घर का सपना मां पूरा करती है। अभी मंदिर का प्रबंधन गजाधर बाबा की छटवीं पीढ़ी महंत कमलसिंह भगत संभाल रहे हैं।

# चार बार खुदकुशी की कोशिश, हर बार बनाया वीडियो

● बोला-पापा उसे आखिरी बार मेरा चेहरा जरूर दिखाना, प्यार में धोखे का किया जिक्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर।** 'मैंने बहुत दर्द बर्दाश्त किया है, टूटना किसे कहते है यह मैं ही जानता हूं। दुनिया वाले हंसी उड़ाते है कि लड़की के चक्कर में तुम ऐसा कर रहे हो, लेकिन लड़की एक लड़के को कितना तोड़ देती है यह कोई नहीं जानता... तुमने मेरे साथ बहुत गलत किया है।

'मैंने ऐसी कौन सी गलती कर डाली, मैंने प्यार किया उससे। सब कुछ किया उसके लिए। पर उसने एक पल भी नहीं समझा मेरे बारे में, मेरी मौत की जिम्मेदार वो लड़की और उसका परिवार है, जिसने मुझे साल भर लूटा और मुझे बर्बाद कर दिया।'

- 'मां-पापा मुझे माफ करना, मैं आपका कभी साथ नहीं दे पाया। मैंने हमेशा सबको सताया, मैंने सोचा था कि जिस लड़की से प्यार करता हूं , उससे शादी करूंगा, दुल्हन बनाकर घर लाऊंगा। उसका चेहरा हर पल मेरे दिमाग में घूमता है...पापा। मैं उसको नहीं भूल पा रहा हूं पापा, मुझे माफ कर देना।'

'मेरा अंतिम संस्कार वहां करवाना पापा, जहां वह लड़की रहती है, क्योंकि वह भी यही चाहती थी कि मरने के बाद मेरी आखिरी बार शक्ल देखें। पापा उसको आखिरी बार मेरी शक्ल जरूर दिखाना।

जबलपुर में 27 साल के आशीष ने दो महीने के अंदर चार बार खुदकुशी की कोशिश की। चौथी बार में उसकी मौत हो गई। हर बार उसने एक वीडियो बनाया। ऊपर लिखी बातें उसने वीडियो में कही है। ये वीडियो आशीष के मोबाइल में मिले हैं। 16 मार्च को भी सुसाइड से पहले उसने वीडियो बनाया और फिर फांसी पर झूल गया।

जबलपुर के नीमखेड़ा में रहने वाले आशीष ने बीते गुरुवार को टीएफआरआई के जंगल में फांसी लगा ली थी। उसके मोबाइल में कई वीडियो मिले हैं। उसने एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है, जिसमें उसने एक लड़की और उसके भाई का नाम लिखा है। वीडियो में वह एक लड़की का नाम लेकर सुसाइड करने की बात कह रहा है।

प्राइवेट जॉब करने वाले आशीष की रांझी में रहने वाली लड़की से फेसबुक के जरिए एक साल पहले दोस्ती हुई थी। दोनों एक ही समाज के थे लिहाजा दोनों में प्यार हो गया। आशीष लड़की को इतना चाहने लगा कि वह हर पल उसे याद करता रहता। उसके परिवार वालों का कहना है कि लड़की की पढ़ाई तक का जिम्मा उसने उठा रखा था। उसकी कॉलेज की फीस आशीष भरता और हर जरूरत पूरी करता था। वह जितना भी कमाया करता था सब उसी पर खर्च कर देता था। इसके बाद भी लड़की ने ऐसा धोखा दिया कि उसने आत्महत्या कर ली।

## मां बोली, बेटे के लिए लड़की वालों के हाथ-पैर जोड़े

बेटे को खो चुकी मां चंदा का कहना है कि मेरा बेटा (आशीष) बहुत प्यार करता था उसको, मुझसे कहा था कि मां मेरे खातिर उसके घर चले जाओ, उसके माता-पिता से बात कर लो। इकलौते बेटे के प्यार के आगे मैं भी झुक गई। लड़की के घर गई, शादी के लिए बात की पर उन लोगों ने यह कहकर भगा दिया कि मेरी बेटी नहीं करना चाहती तुम्हारे लड़के से शादी। मैंने लड़की वालों के हाथ-पांव भी जोड़े पर उन्होंने शादी से साफ इनकार कर दिया।

मैंने अपने बेटे को बहुत समझाया कि और भी लड़कियां है तुम्हारी शादी करवा दूंगी, पर मेरे बेटे को ना जाने क्या हो गया था। जिद थी कि शादी करूंगा तो सिर्फ...उससे नहीं तो जान दे दूंगा और फिर वही हुआ जिसका डर था। मैं कभी भी उस लड़की को माफ नहीं करूंगी जिसने मेरे इकलौते बेटे को मुझसे छीना है। पुलिस उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

## लड़की ने बात करना भी बंद कर दिया था

आशीष की एक साल पहले लड़की से दोस्ती हुई थी। सब कुछ अच्छा चल रहा था, पर दो माह से वह बहुत परेशान हो गया था। हालात ऐसे हो गए नशे से दूर रहने वाला आशीष रोजाना अचानक से शराब पीने लगा। हम जब लड़की के घर गए तब वह बोल रहा था कि मां वह मुझसे बात नहीं कर रहीं है, मुझे एक बार उसकी आवाज सुना दो। बेटे के लिए मैंने फोन चालू किया जिससे कि वह लड़की की आवाज सुन ले। आशीष की मां का कहना था कि मेरी बड़ी बेटी ने लड़की को फोन किया। उससे कहा कि आप क्यों मेरे भाई को धोखा दे रहीं हो वह मर जाएगा, तब लड़की का कहना था कि वह नाटक करता है आपका भाई कभी नहीं मरेगा।

# 57 साल बाद कांग्रेस की मेयर ने पेश किया बजट

## साल 2023-24 में सड़क, स्वच्छता, अमृत प्रोजेक्ट पर फोकस; 2100 करोड़ का बजट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर में नगर सरकार ने वित्तिय वर्ष 2023-24 के लिए तीन लाख रुपए मुनाफे का बजट पेश कर दिया है। 57 साल बाद परिषद में किसी कांग्रेस मेयर ने बजट पेश किया है। यहां बता दें कि पिछले 57 साल से महापौर के पद पर भाजपा का कब्जा था, लेकिन इस बार कांग्रेस की शोभा सिकरवार ने भाजपा का मिथक तोड़ते हुए मेयर की सीट उनसे छीनी थी।

मंगलवार को पेश किए गए बजट में सबसे ज्यादा फोकस सड़क, स्वच्छता व अमृत-2 प्रोजेक्ट पर किया गया है। बजट में 917 करोड़ रुपए अमृत के सेकंड फेस के लिए प्रावधान किया गया है। बजट पेश होने के बाद भाजपा पार्षदों ने बहस के लिए 25 मार्च तक का समय मांगा है।

ग्वालियर में नगर सरकार का साल 2023-24 का वार्षिक बजट 3 लाख रुपए मुनाफे के साथ परिषद में पेश कर दिया है। महापौर डॉ. शोभा सतीश सिकरवार बजट सूटकेस को लेकर परिषद में पहुंची और यहां पहले राष्ट्रगान हुआ और उसके बाद महापौर ने परिषद में 2100 करोड़ की आय-व्यय का ब्यौरा जिसे बजट कहते हैं उसे रखा। यहां बता दें कि महापौर डॉ. शोभा सिकरवार की सास मां के निधन को अभी एक सप्ताह भी नहीं हुआ है। इसके बाद भी शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए बजट पेश करने पहुंची हैं। महापौर सिकरवार के बजटीय भाषण के बाद सभापति ने महापौर द्वारा पेश बजट पर बहस के लिए 25 मार्च तक का समय मांगा। सभी पार्षदों को बजट की कॉपी दे गई है। पार्षद स्टडी कर उसमें संशोधन आदि पर 25 मार्च के बाद चर्चा की जाएगी। 3 लाख रुपए मुनाफा का बजट - मेयर इन काउंसिल ने आयुक्त द्वारा प्रस्तुत बजट को संशोधित कर 2128 करोड़ रुपए की आय का बजट पेश किया है जिसमें 2060 करोड़ व्यय के साथ तीन लाख रुपए लाभ का बजट पेश किया गया है। स्वच्छता, सड़क, अमृत, गौशाला पर फोकस - वित्तिय वर्ष 2023-24 के लिए पेश किए गए बजट में स्वच्छता, सड़क, अमृत प्रोजेक्ट के अलावा गौशाला पर भी फोकस किया गया है। जो प्रकार है- स्वच्छता - स्वच्छता में ग्वालियर को नंबर एक लाने के लिए डोर टू डोर कचरा प्रबंधन पर फोकस है। अभी 210 वाहन हैं जिनसे कचरा डंपिंग ग्राउंड में भेजा रहा है। इस साल के बजट में कचरा संग्रहण के लिए 100 और वाहन खरीदना प्रस्तावित है। साथ ही मोबाइल एप्लीकेशन आधारित आईसीटी सिस्टम कार्ययोजना प्रारंभ की गई है। अमृत-2 - इस वर्ष के बजट में अमृत -2 के तहत पेयजल व सीवरेज परियोजना व वॉटर बॉडीज के जीर्णोद्वार के लिए स्ट्रीट एक्शन प्लान में 917 करोड़ धनराशि आबंटित की गई है। जो इस प्रकार है। 01 जलप्रदाय योजना-812.93 करोड़ रुपए 02 सीवरेज योजना-100 करोड़ रुपए 03 वॉटर बॉडीज- 5 करोड़ रुपए सड़क - किसी भी शहर के पहचान वहां की सड़कों से होती है। इसके लिए नगर सरकार ने चारों विधानसभाओं के लिए बजट में 82 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें 55 करोड़ रुपए सीसी रोड, 25 करोड़ रुपए डामरीकरण और 62 करोड़ रुपए मरम्मत का प्रावधान रखा गया है। जनता की सेवा का निर्वहन किया और बजट पेश किया - ग्वालियर महापौर शोभा सिकरवार ने कहा है कि मेरी सास का देहांत हो गया है, लेकिन मेरे शहर के लोगों ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन भी जरूरी है।

# मजदूर का हाथ-कान काटने वाले को आजीवन कारावास

● तलवार से किया था हमला, विशेष न्यायालय ने 16 माह में सुनाया फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा।** रीवा जिले में हत्या के प्रयास के मामले में 16 माह के अंदर विशेष अदालत ने फैसला सुनाया है। बताया गया कि 20 नवंबर 2021 को सिरमौर थाना अंतर्गत पडरी गमिया टोला में आरोपी मालिक ने मजदूरों के ठेकेदार को घर बुलाया। वहां पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच बहसबाजी होने लगी। ऐसे में आक्रोशित होकर मालिक ने तलवार से दो प्रहार कर दिए। ऐसे में एक तलवार हाथ में लगी। जबकि दूसरा प्रहार कान में हुआ।

वारदात में मजदूर के हाथ व कान कट गए। शिकायत के बाद सिरमौर पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया। कोर्ट में चले ट्रायल के बाद आरोपी को आजीवन कारावास व हजारों रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। इस केस की पैरवी अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी सूर्य प्रकाश पाण्डेय ने की है।

फरियादी सत्येन्द्र साकेत पुत्र केशरी प्रसाद 32 वर्ष निवासी पडरी गमिया टोला ने सिरमौर थाना में रिपोर्ट कराई। कहा कि 20 नवंबर 2021 को सुबह 11 बजे मेरे ठेकेदार अशोक साकेत का फोन आया। उन्होंने कहा कि बाइक से गणेश मिश्रा के अहरी पर गया था। वहां गणेश मिश्रा ने पैसे की मांग करने पर जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। विरोध करने पर घर के अंदर से तलवार लाया।

इसके बाद अशोक साकेत पुत्र बृजलाल 34 साल निवासी पडरी पर हमला कर दिया। तलवार के प्रहार से बाया हाथ व कान कट गया है। शोर शराबा सुन गांव वाले दौड़े। ऐसे में गणेश मिश्रा मौके से भाग गया। रिपोर्ट के बाद आईपीसी की धारा 307, 201, 34, 3 (2) 5 एससी/एसटी एक्ट एवं 25बी आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। सिरमौर थाने के अपराध क्रमांक 255/2021 को विवेचना में लिया गया।

## तत्कालीन एसडीओपी ने की विवेचना

मामले की विवेचना पीएस परस्ते तत्कालीन एसडीओपी सिरमौर ने की। घटना वाली शाम आरोपी गणेश प्रसाद मिश्रा उर्फ लालन पुत्र राघवेन्द्र प्रसाद मिश्रा 36 वर्ष निवासी डोल थाना सिरमौर सहित दो लोगों को को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। साक्ष्य संकलन करने के बाद विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र क्रमांक 01/22 दिनांक 2 जनवरी 2022 को तैयार किया। इसके बाद प्रकरण क्रमांक 01/22 दिनांक 3 जनवरी 2022 को न्यायालय में पेश किया। इस मामले को गंभीर व जघन्य अपराध की श्रेणी में चिन्हित किया गया।

## संपादकीय

### सहयोग का सफर

दुनिया तेजी से जिस तकनीक आधारित व्यवस्था की ओर बढ़ रही है, उसमें नई या आधुनिक प्रौद्योगिकी की अहमियत का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। खासतौर पर तकनीक आधारित व्यवस्था में माइक्रोचिप पर निर्भरता जिस कदर बढ़ने वाली है, उसके मद्देनजर सेमीकंडक्टर और अन्य अहम प्रौद्योगिकियों में विश्वस्त आपूर्ति श्रृंखला के महत्त्व पर भारत और जापान के बीच हुई बातचीत की उपयोगिता समझी जा सकती है। जापान के प्रधानमंत्री के ताजा भारत दौरे में एक बार फिर दोनों देशों के बीच सहयोग का सफर और आगे बढ़ा है। हालांकि जापान के साथ भारत के संबंध पहले भी आपसी सहयोग पर आधारित और सहज रहे हैं, लेकिन समय-समय पर होने वाले शिखर सम्मेलनों में इसे और मजबूती मिलती रही है। सोमवार को दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच हुई बातचीत में सबसे अहम पहलू वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के विस्तार का संकल्प है, जिसे शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण कहा जा सकता है। साथ ही, हाल के वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों में हुई प्रगति की समीक्षा और रक्षा उपकरण सहित प्रौद्योगिकी सहयोग, व्यापार, स्वास्थ्य और डिजिटल साझेदारी पर विचारों का आदान-प्रदान दरअसल वक्त की जरूरत है। यह छिपा नहीं है कि बीते कुछ समय से विभिन्न स्तर पर चीन की ओर से जारी गतिविधियों की वजह से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कैसी चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। भारत के सामने वक्त रहते इस जटिलता को समझना और उसी मुताबिक अपने हित में कदम उठाना कई वजहों से जरूरी है। जापान के प्रधानमंत्री ने भी यह स्वीकार किया कि इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता के लिए भारत अपरिहार्य है। आधुनिक तकनीकी और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में जापान का दखल जगजाहिर रहा है। हालांकि अपनी क्षमता होने के बावजूद भारत को इसका अतिरिक्त लाभ मिलता रहा है, लेकिन रणनीतिक मोर्चे पर भी जापान के साथ सहयोग में मजबूती लाने की कोशिशों के संकेत समझे जा सकते हैं। यों भारत की ओर से यह स्पष्ट किया गया है कि दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और अंतरराष्ट्रीय पटल पर कानून के सम्मान पर आधारित है। पिछले कुछ सालों से वैश्विक परिदृश्य जिस तरह बदल रहा है, उसमें अलग-अलग देशों के बीच खड़े होने वाले नए समीकरणों का सिरा भविष्य में बनने वाली दुनिया से जुड़ा हुआ है। साफ देखा जा सकता है कि महाशक्ति माने जाने वाले से लेकर विकासशील देशों के बीच बहुस्तरीय सहयोग के नए ध्रुव बन रहे हैं और इस दिशा में अमूमन सभी देश सक्रिय हैं। इस बीच अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक जगत में भारत की जैसी जगह बनी है, उस पर दुनिया के तमाम देशों की निगाह टिकी हुई है। इस लिहाज से देखें तो जापान के साथ प्रौद्योगिकी और व्यापार सहित अन्य संबंधों की जमीन को और मजबूत करने के साथ-साथ रणनीतिक साझेदारी पर आगे बढ़ना भारत के लिए वक्त का तकाजा भी है।

## ज्ञान-विज्ञान

# आज से शुरू हुआ हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2080

## जानिए हिंदू कैलेंडर की 10 खास बातें

आज से हिंदू कैलेंडर का नया वर्ष विक्रम संवत 2080 की शुरुआत हो गई है। हिंदू विक्रम संवत 2080 अंग्रेजी कैलेंडर के वर्ष 2023 से 57 वर्ष आगे होगा। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि की प्रतिपदा तिथि से 9 दिनों तक देवी दुर्गा की उपासना का महापर्व भी आरंभ हो जाएगा। हिंदू कैलेंडर का पहला महीना चैत्र और आखिरी महीना फाल्गुन होता है। हर साल चैत्र प्रतिप्रदा तिथि से नया विक्रम संवत शुरू हो जाता है जो इस बार संवत्सर का नाम नल होगा, राजा बुध ग्रह होंगे और मंत्री शुक्र ग्रह होंगे। आइए जानते है हिंदू विक्रम संवत 2080 के बारे में खास बातें...




### हिंदू नववर्ष से जुड़ी खात बातें

1. विक्रम संवत की शुरुआत राजा विक्रमादित्य ने शुरू किया था। राजा विक्रमादित्य ने अपनी विक्रम संवत के शुरू होने पर अपनी जनता के सभी कर्जों से राहत प्रदान की थी। विक्रम संवत हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू हो जाती है। इस संवत को गणितीय नजरिए से एकदम सटीक काल गणना माना जाता है। विक्रम संवत को राष्ट्रीय संवत माना गया है। नए विक्रम संवत के शुरूआत होने पर देश के अलग-अलग स्थानों पर इसके अलग-अलग नामों से जाना जाता है।
2. चैत्र महीना जोकि हिंदू नववर्ष का पहला महीना होता है यह होली के बाद शुरू हो जाता है। यानी फाल्गुन पूर्णिमा तिथि के बाद चैत्र कृष्ण प्रतिपदा लग जाती है फिर भी उसके 15 दिन बाद नया हिंदू नववर्ष क्यों मनाया जाता है? दरअसल इसके पीछे क्या तर्क है कि हिंदू पंचांग के अनुसार कृष्ण पक्ष पूर्णिमा से अमावस्या तिथि के 15 दिनों तक रहता है और कृष्ण पक्ष के इन 15 दिनों में चंद्रमा धीरे-धीरे लगातार घटने के कारण पूरे आकाश में अंधेरा छाने लगता है। सनातन धर्म का आधार हमेशा अंधेरे से उजाले की तरफ बढ़ने का रहा है यानि "तमसो मां ज्योतिर्गमय्"। इसी वजह से चैत्र माह के लगने के 15 दिन बाद जब जब शुक्ल पक्ष लगता है और प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष मनाया जाता है। अमावस्या के अगले दिन शुक्ल पक्ष लगने से चंद्रमा हर एक दिन बढ़ता जाता है जिससे अंधकार से प्रकाश की समय आगे बढ़ता है।
3. चैत्र माह की प्रदिपदा तिथि पर ही महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, माह और वर्ष की गणना करते हुए हिंदू पंचांग की रचना की थी। इस तिथि से ही नए पंचांग प्रारंभ होते हैं और वर्ष भर के पर्व, उत्सव और अनुष्ठानों के शुभ मुहूर्त निश्चित होते हैं।
4. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन ब्रह्माजी ने सृष्टि का निर्माण किया था। इस वजह से भी चैत्र प्रतिपदा तिथि का इतना महत्व है।
5. इसी दिन से नया संवत्सर भी आरंभ हो जाता है इसलिए इस तिथि को नवसंवत्सर भी कहते हैं। सभी चारों युगों में सबसे पहले सतयुग का प्रारम्भ इसी तिथि यानी चैत्र प्रतिपदा से हुआ था। यह तिथि सृष्टि के कालचक्र प्रारंभ और पहला दिन भी माना जाता है।
6. चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि पर भगवान राम ने वानरराज बाली का वध करके वहां की प्रजा को मुक्ति दिलाई। जिसकी खुशी में प्रजा ने घर-घर में उत्सव मनाकर ध्वज फहराए थे।
7. हिंदू नववर्ष को महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा तथा आंध्र प्रदेश में उगादी पर्व के रूप में भी मनाया जाता है। भगवान झूलेलाल की जयंती, चैत्र नवरात्रि का प्रारम्भ, गुड़ी पड़वा,उगादी पर्व मनाए जाते हैं।
8. चैत्र प्रतिपदा नवरात्रि पर शक्ति की आराधना की जाती है जहां पर मां दुर्गा के नौ अलग-अलग स्वरूपों की पूजा होती है। नवमी तिथि पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव और फिर चैत्र पूर्णिमा पर भगवान राम के सबसे प्रिय भक्त हनुमान की जयंती मनाई जाती है।
9. हिंदू कैलेंडर में कुल 12 माह होते हैं जो इस प्रकार है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फाल्गुन।
10. हिंदू कैलेंडर के सभी महीने नक्षत्र के नाम पर रखे गए हैं। पूर्णिमा तिथि पर जो नक्षत्र रहता है उसी नक्षत्र के नाम पर हिंदी महीनों के नाम रखे गए हैं। जैस चैत्र का महीना चित्रा नक्षत्र के नाम पर रखा गया इसी प्रकार वैशाख विशाखा के नाम पर, ज्येष्ठ ज्येष्ठा नक्षत्र के नाम पर। इसी तरह सभी 12 हिंदू महीनों का नाम नक्षत्रों के नाम रखा गया है।

## Highlights

1. How does the final WPL 2023 league stage points table read?
2. Scientist explains why earthquake tremors were felt for longer in North India
3. 9 killed, 100 injured in Pak after 6.5 magnitude quake that was also felt in Delhi-NCR
4. Doctors deliver baby amid earthquake tremors in Kashmir, video surfaces
5. Homosexuality punishable by death in new bill passed in Uganda
6. Pink trumpet trees blossom in Bengaluru, pics surface
7. Drunk man stabs estranged wife to death in B'luru, stabs her kid

# Why global aviation sector worried over Air India's transformation?

**MUMBAI, (Agency).** Prime Minister Narendra Modi's government faces growing demands to ease a near-freeze on capacity that can be deployed on many routes to and from India, now that India's flag carrier has been sold to the cash-rich Tata conglomerate.

Current limits on the amount of flying allowed between India and many markets date back to heavy losses at Air India around the beginning of the last decade, analysts said.

But a huge overhaul of the airline, including the world's largest ever plane order for 470 jets, rekindled a debate over market access at a New Delhi aviation conference on Tuesday.

Dubai's Emirates, Turkish Airlines and Kuwaiti carrier Jazeera Airways all called for sharp increases in traffic rights to and from India to meet demand. Vietnam and Indonesia also want more flights, an Indian official said.



"We are not getting enough share from this market," Turkish Airlines Chief Executive Bilal Eksi told the CAPA India conference. Dubai has requested an extra 50,000 seats a week on India routes.

But in an exclusive interview, India's civil aviation minister told Reuters the government is not currently looking at easing curbs. He urged Indian airlines to order more big jets to meet demand without forcing passengers to change planes.

"I think it's about time that our carriers looked at the international market with greater focus. That's what we are pushing the airlines to do and that process has already started," Jyotiraditya Scindia said. (ALSO READ: Time to look at manufacturing aerospace products in India: Scindia)

Currently most Indians use foreign carriers for long trips, often changing at Gulf hubs, with relatively few long-range jets based in the country despite a population of 1.3 billion.

# Banks to keep branches open till March 31 for annual closing

**NEW DEIHI, (Agency).** The central bank has written a letter to all the agency banks that they should keep their designated branches open for over-the-counter transactions related to government transactions up to the normal working hours on March 31, 2023.

It directed all government transactions done by agency banks for the Financial Year 2022-23 must be accounted for within the same financial year.

It also added, "Transactions through National Electronic Funds Transfer (NEFT) and Real Time Gross Settlement (RTGS) System will continue up to 2400 hours (12 midnight) as hitherto on March 31, 2023."




The letter also read, "Regarding reporting of Central and state government transactions to RBI, including uploading of GST/ TIN2.0/ e-receipts luggage files, the reporting window of March 31, 2023, will be kept open till 1200 hours noon on April 1, 2023."

New Delhi

# भारत में पांव पसार रहा कोरोना का नया वैरिएंट XBB1.16 कितना खतरनाक? 12 देशों में फैला, डॉक्टर्स ने दी ये चेतावनी

**नई दिल्ली. (एजेंसी)** भारत में COVID-19 के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं और कुल एक्टिव मामलों की संख्या 6,559 हो गई है. वैज्ञानिकों के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से देश में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के पीछे कोविड-19 का XBB 1.16 वैरिएंट है. XBB1.16 वैरिएंट COVID के ओमिक्रॉन वैरिएंट के रिकॉम्बिनेशन XBB वैरिएंट का वंशज है जो देश में तेजी से फैल रहा है. INSACOG के नए आंकड़ों के अनुसार, देश में XBB1.16 के अभी 76 मामले हैं.



एक रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 के इस वैरिएंट से नई लहर की आशंका बढ़ सकती है. XBB1.16 वैरिएंट कितना खतरनाक है, यह किन देशों में कहर मचा चुका है और किन लोगों को इसका अधिक खतरा है? इस बारे में भी जान लीजिए. कोरोना के नए वैरिएट्स पर नजर रखने वाले और WHO के वैक्सीन सेफ्टी नेट के सदस्य, इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के पूर्व संयोजक और मंगला हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, बिजनौर के कंसल्टेंट डॉ. विपिन एम वशिष्ठ (Vipin M Vashishtha) ने कहा, 'नया XBB.1.16 वैरिएंट कम से कम 12 देशों में पाया गया है जिसमें से सबसे अधिक मामले भारत में पाए गए हैं.

डॉ. विपिन एम वशिष्ठ के मुताबिक, 'XBB.1.16 वैरिएंट कम से कम 12 देशों में पाया गया है जिसमें से सबसे अधिक मामले भारत में पाए गए हैं. भारत के अलावा अमेरिका, ब्रुनेई, सिंगापुर, चीन और यूके भी इस लिस्ट में शामिल हैं जहां XBB.1.16 वैरिएंट के मामले बढ़े हैं. वैश्विक स्तर पर XBB.1.16 के बारे में चिंताएं हैं क्योंकि इस सब-वैरिएंट में वायरस के गैर-स्पाइक क्षेत्र में कुछ म्यूटेशन हुआ है जो इम्यूनिटी को प्रभावित करता है.'

Uttarpradesh

# बदायूं में गन्ने की ट्राली में घुसी कार, दर्दनाक हादसे में डेढ़ साल के मासूम समेत दंपती की मौत

**बदायूं, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। हादसे में मासूम और दंपती की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। हादसे में एक युवक भी घायल हुआ हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी।



जानकारी के अनुसार, बदायूं के बिसौली कोतवाली इलाके में कार अनियंत्रित होकर ट्रॉली में जा घुसी। हादसे में डेढ़ साल के मासूम बच्चे समेत दंपती की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक युवक घायल हो गया, उसकी हालत भी गंभीर बताई जा रही है।

दिल्ली के अंधेरिया मोड़ महरौली निवासी शाकिर शौकत (33) अपनी पत्नी रोजी (29), डेढ़ वर्षीय पुत्र आहद को साथ लेकर वजीरगंज के गांव हतरा स्थित अपनी ससुराल आया था। बुधवार सुबह करीब छह बजे वह ससुराल से अपने घर दिल्ली जा रहा था।

Uttarpradesh

# पहले प्यार फिर किसी ओर से शादी, पति के साथ मिलकर एक्स बॉयफ्रेंड की सॉफ्ट ड्रिंक में जहर मिलाकर हत्या

**एटा, (एजेंसी)** यूपी में एक पूर्व प्रेमिका पर अपने प्रेमी की हत्या का आरोप लगा है। ततेरे भाई ने पूर्व प्रेमिका और उसके पति उसके दो भाइयों पर सॉफ्ट ड्रिंक में जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है। मामले की रिपोर्ट कोतवाली नगर में पीड़ित ने दर्ज कराई है। एटा के जिला हाथरस थाना सिकंद्राराऊ के गांव डंडेश्वरी निवासी शैलेष ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि चचेरे भाई अंकित के एक युवती से प्रेम-संबंध थे। इसी पर हत्या का आरोप लगा है। जानकारी के मुताबिक जिला एटा के एक मोहल्ला की रहने वाली लड़की का ननिहाल डंडेश्वरी आना-जाना था इसी दौरान दोनों में प्रेम-प्रसंग हो गया था। लड़की के घरवाले शादी के लिए राजी नहीं थे। दोनों परिवार में पंचायत हुई थी। जिसके बाद लड़की पक्ष ने बेटी की शादी बुलंदशहर थाना खुर्जा के गांव बनैल में कर दी थी। प्रेमिका मायके में ही थी। आरोप है कि 16 मार्च को पूर्व प्रेमिका ने पति हेमंत, भाई अमित, मुंह बोला भाई सनी के जरिए कॉल कर बुलाया गया और उसकी हत्या कर दी।

Rajasthan

# पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर कांस्टेबल को अगवा कर बनाया बंधक, दो आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर,** भरतपुर में किसी मामले में वॉन्टेड आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर एक कांस्टेबल को बंधक बना लेने के मामले में थाना जुरहरा पुलिस ने कुंदला नगला निवासी दो आरोपियों साहबदीन मेव पुत्र हिम्मत (58 साल) और जफरुद्दीन उर्फ जफरु मेव पुत्र मोहम्मददीन (38 साल) को गिरफ्तार किया है।



भरतपुर एसपी श्याम सिंह ने बताया कि रविवार को थाना जुरहरा के कांस्टेबल गजेंद्र सिंह, जितेंद्र, अजय चतुर्वेदी और महेश प्राइवेट वाहन से स्थाई वारंटी तौफीक मेव निवासी गांबड़ी की तलाश में एसएचओ जयप्रकाश के निर्देश पर निकले थे। रास्ते मे मिले संदिग्ध जावेद मेव पुत्र शेरू निवासी कुन्दन नगला को थाने लाते समय पीछे से 30-35 व्यक्ति मोटरसाइकिल से हाथों में लाठी-डंडा और सरिया लेकर आए और रास्ता रोक लिया।

पुलिस टीम के साथ गाली गलौज कर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। अजय चतुर्वेदी को पकड़कर उसके गुप्तांग में लात मार जेब से मोबाइल निकाल कर अपने पास रख लिया और उसे अगवा कर अपने साथ ले गए। इस घटना में शामिल कुन्दन का नगला गांव निवासी 22 आरोपियों और सांचौली, बामनी निवासी 1-1 आरोपी को पुलिस जाप्ते ने पहचान लिया।

खेल

# हॉकी दिग्गज रानी रामपाल के नाम पर रायबरेली का स्टेडियम, यह उपलब्धि पाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** रायबरेली के हॉकी स्टेडियम को भारतीय टीम की स्टार हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल के नाम पर रखा गया है। वह यह उपलब्धि पाने वालीं भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। एमसीएफ रायबरेली ने हॉकी स्टेडियम का नाम बदलकर 'रानीज गर्ल्स हॉकी टर्फ' (Rani's Girls Hockey Turf) कर दिया है।




रानी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस स्टेडियम से जुड़ी तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में रानीह खिलाड़ियों के साथ बातचीत करती नजर आ रही हैं और अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ स्टेडियम का उद्घाटन कर रही हैं। रानी ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा- मैं आप सभी को बताना चाहती हूं कि एमसीएफ रायबरेली ने हॉकी में मेरे योगदान का सम्मान करने के लिए हॉकी स्टेडियम का नाम बदलकर 'रानी गर्ल्स हॉकी टर्फ' कर दिया है। खुशी और आभार व्यक्त करने के लिए शब्द बहुत कम हैं।

उन्होंने कहा- यह मेरे लिए गर्व और भावनात्मक क्षण है क्योंकि मैं अपने नाम पर स्टेडियम बनाने वाली पहली महिला हॉकी खिलाड़ी बन गई हूं। मैं इसे भारतीय महिला हॉकी टीम को समर्पित करती हूं और मुझे उम्मीद है कि यह आने वाली पीढ़ी को प्रेरित करेगा।

रानी एफआईएच महिला हॉकी प्रो लीग 2021-22 में बेल्जियम के खिलाफ खेलने के बाद इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के दौरे के दौरान भारतीय टीम में वापसी की थी। हॉकी प्रो लीग 2021-22 में रानी ने 250वीं कैप हासिल की थी।

28 वर्षीय रानी टोक्यो ओलंपिक के बाद से चोट से जूझ रही थीं और बाद में उन्हें विश्व कप और राष्ट्रमंडल खेलों 2022 की टीम से बाहर कर दिया गया था। अब वह फिर से अंतरराष्ट्रीय हॉकी में वापसी कर रही हैं। रानी को 22 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

सिनेमा

# Pushpa 2 : आरआरआर के बाद अजय देवगन का पुष्पा 2 में कैमियो? अल्लू अर्जुन की फिल्म में ये सुपरस्टार 'खान' भी आ सकता है नजर

स्टाइलिश स्टार अल्लू अर्जुन, फहाद फासिल और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'पुष्पाःद राइज' ने दर्शकों के दिलों को छू लिया था और फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी मोटी कमाई की थी। फिल्म के गानों से लेकर एक्शन सीन्स और डायलॉग्स तक खूब हिट हुए थे और इसके बाद से ही 'पुष्पाः द रूल' का इंतजार किया जा रहा है। फिल्म के बारे में अभी तक कई अपडेट्स आ चुके हैं, ऐसे में अब कहा जा रहा है कि फिल्म में अजय देवगन का भी कैमियो हो सकता है। वहीं एक सुपरस्टार खान का भी नाम सामने आ रहा है। ई टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म पुष्पा 2 में अजय देवगन का कैमियो देखने को मिल सकता है। हालांकि इसके बारे में पुख्ता तौर पर कुछ कहना मुश्किल है, क्योंकि न तो एक्टर और न ही फिल्ममेकर की ओर से इसकी पुष्टि की गई है। लेकिन अगर ऐसा हो तो फिल्म का मजा दर्शकों के लिए और बढ़ जाएगा। याद दिला दे कि इससे पहले अजय देवगन और आलिया भट्ट ने फिल्म एसएस राजामौली निर्देशित और राम चरण- जूनियर एनटीआर स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म आरआरआर में कैमियो किया था। रिपोर्ट के मुताबिक सिर्फ अजय देवगन ही नहीं बल्कि सलमान खान या फिर शाहरुख-आमिर का नाम भी चर्चा में हैं, लेकिन आधिकारिक तौर पर कुछ भी कहना मुश्किल है। याद दिला दें कि इससे पहले बीते साल अभिनेता मनोज बाजपेयी का नाम भी सामने आया था कि उन्हें पुष्पा 2 के लिए अप्रोच किया गया है।



# बाइक सवारों ने युवक को चाकुओं से गोदा

● **अनेक स्थानों पर हुई चाकूबाजी**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक का रास्ता रोक लिया और उसे चाकुओं से बुरी तरह गोद दिया, जिससे वह घायल हो गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर, मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। वहीं अनेक स्थानों पर चाकूबाजी की घटनाएं हुई।**

पहली घटना कनाडिया थाना क्षेत्र के बाईपास रोड पर हुई। बिचौली मर्दाना के आगे बाईपास रोड पर खून से लथपथ हालत में मिले संजय पिता कमल खेडेकर निवासी कृष्ण बाग कॉलोनी को गंभीर हालत में लोगों ने बड़े अस्पताल में भर्ती कराया। उसके सिर गर्दन सीना और पेट में चाकू के घाव पाए गए हैं। पुलिस के मुताबिक संजय कल शाम अपनी मोटरसाइकिल से ससुराल बड़वाह जा रहा था तभी बाईपास रोड पर बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने रोका और हमला कर फरार हो गए । पुलिस घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी के फुटेज तलाश कर रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। फिलहाल कनाडिया पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा 307 का प्रकरण दर्ज किया है।

इसी प्रकार एक युवक पर बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार घायल युवक का नाम यश पिता बबलू निवासी सर्वहारा नगर परदेशीपुरा है। रिश्तेदार लखन ने बताया कि बबलू सीट कवर की दुकान पर काम करता है। उसके घर पर आरोपी लाला और साथी आए थे। वह उसे बुलाकर साथ ले गए। बाद में शराब पीने लगे इसी बात को लेकर झगड़ा हो गया यश को चाकू मारकर घायल कर दीया।

उधर, शराब के पैसों के लिए तीन बदमाशों ने दो युवकों पर जानलेवा हमला किया है। उसकी दुकान को भी बदमाशों ने तोड़ फोड़ डाला। लसूडिय़ा थाने में फरियादी देवेंद्र कुमार मालवीय निवासी स्कीम नंबर 136 की शिकायत पर आरोपी छोटू उर्फ तन्मय निवासी नंदा नगर, ओम मोड़े और मिहिर पंचवाल के खिलाफ गंभीर चाकूबाजी, तोडफ़ोड़ और अड़ीबाजी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि एमबीए चाय वाले की दुकान के पास स्कीम नंबर 78 में वह भी कारोबार करता है। कल तीनों आरोपी उसके पास आए और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। उसने पैसा ना होने की बात कही तो आरोपियों ने गालियां देकर विवाद शुरू कर दिया। उसे जमकर मारा पीटा इतना ही नहीं उसके साथी जय नारायण के पेट में चाकू मारकर दुकान में भी जमकर तोडफ़ोड़ कर डाली आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

### दाल मिल मालिक के घर में चोरी का मामला ...

## चौकीदार की कुछ बातें पुलिस को लग रही संदिग्ध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। तुकोगंज थाना क्षेत्र में दाल मिल मालिक रामअवतार जाजू के घर हुई चोरी में तुकोगंज पुलिस चौकीदार मांगीलाल से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक मांगीलाल के कुछ बातें संदिग्ध है। पुलिस उससे पूरा घटनाक्रम समझ रही है। बंगले में लगा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी चोरों द्वारा ले जाना बताया गया है। लिहाजा आसपास के मकानों पर लगे कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है। एक अन्य गार्ड की जानकारी मिली है जो सुबह चौकीदारी करने आता है। पुलिस उससे भी जानकारी जुटा रही है।

## सिग्नल तोड़ कर जा रही थी बस, पीछा कर पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। यातायात पुलिस ने मंगलवार को बाबू ट्रैवल्स की बस (आरजे-28 पीए 2084) को जब्त किया है। बस कृषि कालेज चौराहे पर रेड सिग्नल में व्हाइट चर्च की तरफ जा रही थी। जिस वक्त बस निकली यातायात प्रबंधन के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त महेशचंद जैन भी आफिस जा रहे थे। रेड सिग्नल में बस को जाते देख तुरंत वायरलेस सेट से प्रसारण कर पुलिस को अलर्ट कर दिया। जैसे ही बस चौराहे पर पहुंची सूबेदार राजेंद्रसिंह चौहान ने जब्त कर लिया। पुलिस ने मंगलवार को कुल 18 बसों पर जुर्माना की कार्रवाई की है। ज्यादातर बसें आवरलोड पाई गई थी।

## पानी की मोटर, कपड़े सुखाने की मशीन ले उड़े चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। महू कोतवाली थाना क्षेत्र में आने वाले छावनी परिषद के धोबी घाट में चोरों ने धावा बोल दिया। इतना ही नहीं चोर कुएं में से मोटर भी निकाल कर ले गए। जब मंगलवार सुबह धोबी घाट पर काम करने वाले लोग पहुंचे तो उन्होंने पूरे मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की है। मामले की जानकारी लगते ही कोतवाली पुलिस की मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। चोरी गए सामान में एक बड़ी पानी की मोटर, कपड़े सुखाने की मशीन यहां रखी प्रेस और अन्य सामान चोरी हुआ है जिसकी कीमत हजारों रुपए है। अब पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

## दूसरे की जमीन बेच दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। दूसरे की जमीन को अपना बताकर जालसाजों ने इसका सौदा कर दिया और 50 लाख से ज्यादा रुपए ले लिए। इस धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। विजयनगर में स्थित ग्रेसलैंड शेरिन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर शिवनारायण भूतड़ा की रिपोर्ट पर आरोपी नितिन निवासी पालिया हातोद दिलीप परमार निवासी ग्राम मुरादपुरा विष्णु निवासी ग्राम रिंगनोदिया और गोकुल चौधरी निवासी सोलसिंदा के खिलाफ धारा 420 467 468 और 471 का प्रकरण दर्ज किया है। फरियादी शिवनारायण भूतड़ा ने बताया कि आरोपियों ने 20 सितंबर 2022 को बड़ोदिया क्षेत्र में किसानों की जमीन अपनी बताकर उससे 50 लाख रुपए हड़प लिए।

## एक करोड़ से ज्यादा चांदी की हेराफेरी में पिता-पुत्र धराए

### जयपुर भाग गए, पुलिस ने रिश्तेदारों के यहां से हिरासत में लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। सराफा कारोबारी पिता-पुत्र ने यहीं के दूसरे सराफा कारोबारियों के साथ एक करोड़ से ज्यादा की धोखाधड़ी कर दी। पैसे नहीं मिलने से पांच माह से परेशान हो रहे एक व्यापारी ने पुलिस से शिकायत कर दी। पुलिस ने जांच के बाद पिता-पुत्र पर केस दर्ज कर लिया।**

पुलिस ने जब उन्हें तलाशा तो वे दुकान बंद कर जयपुर भाग गए। पुलिस ने जाल बिछाकर दोनों को रिश्तेदारों के यहां से हिरासत में ले लिया। पुलिस दोनों व्यापारी पिता-पुत्र से पूछताछ कर रही है। बताया जाता है कि दोनों पर सराफा व्यापारियों से करीब 200 किलो से ज्यादा चांदी की हेराफेरी की है। दोनों सराफा के ही सिद्धी विनायक कॉम्पलेक्स में राज ज्वेलर्स के नाम से फर्म है।

सराफा एसआई अक्षय खडिय़ा के मुताबिक केटी ज्वेलर्स के प्रवीण तिवारी की शिकायत पर इंद्रकुमार वर्मा और उसके पिता राजकुमार वर्मा निवासी अंजलि नगर के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। इस मामले में पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया।

प्रवीण तिवारी से आरोपियों ने 72 किलो से ज्यादा चांदी के जेवर लिए थे। इन जेवरों का आरोपी ने पेमेंट तय समय पर नहीं किया। पुलिस ने जांच के बाद दोनों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया। बताया जा रहा है कि दोनों जो जेवर बाजार से उठाए थे, वे दूसरे व्यापारियों को बेचकर कमाई कर ली। इस पैसे को उन्होंने क्रिकेट के सट्?टे में लगाया। बचा पैसा प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट कर दिया।

प्रारंभिक पूछताछ में पुलिस को जानकारी लगी है कि दोनों ने सराफा के व्यापारियों कुलदीप, नीतेश व अन्य व्यापारियों से 200 किलो से अधिक की चांदी की हेराफेरी की है। इंद्रकुमार और राजकुमार ने उधारी पर माल लेकर कहीं और बेच दिया। मामले में पुलिस ने लिखित शिकायतों पर जांच शुरू की है। व्यापारी प्रवीण ने पूछताछ में बताया कि दीवाली पर इंद्रकुमार उनके पास आया। इंद्रकुमार पहले बैंक से पेंमेट करता था। करीब चार माह तक उसने इसी तरह का विश्वास कायम रखा। लेकिन फिर एक दिन कहा कि मेरे कुछ रुपए बाजार से आना बाकी हैं। इस भरोसे में आकर प्रवीण ने उसे चांदी के 72 किलो जेवर ले गया। लेकिन पेमेंट को लेकर टरकाता रहा। इसी बीच सराफा से उन्हें जानकारी लगी कि ऐसे ही पिता पुत्र ने अन्य व्यापारियों के साथ हरकत की है। राजकुमार कुछ साल पहले ही ऐसी ही ठगी कर चुके हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले में और खुलासे किए जाएंगे। इधर सराफा व्यापारियों का कहना है कि पीड़ितों की संख्या और बढ़ सकती है।

## मनचला कर रहा था हरकत, पकड़ाया

**इंदौर**। महू थाना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की रिपोर्ट पर आरोपी गणेश वर्मा निवासी डॉक्टर कॉलोनी महू को गिरफ्तार किया है। महिला ने पुलिस को बताया कि हमारे अपार्टमेंट में आरोपी गणेश वर्मा रहता है जो आते जाते अश्लील इशारा करता और सीढिय़ों से उतरते वक्त बुरी नियत से टच कर टल्ला मारता है और आए दिन अंडरवियर में अपार्टमेंट में घूमता रहता है जिससे वहां रहने वाली महिलाएं भी परेशान है। कल दोपहर गणेश वर्मा ने मेरे साथ छेड़छाड़ की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 का केस दर्ज किया है।

sponcership




दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
◆ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ◆*संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ◆ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ◆ समूह PRO - एल.एन. उग्रा ◆ फोन : 0731-2433676, मो.नं. 91111-56060 Website : www.dgr.co.in *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।